53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 19.6°c | अधिकतम 36.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:00, सूर्यास्त - 6:41 | वर्ष : 53/ अंक : 96 | मंगलवार, 08 अप्रैल 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, एकादशी | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**अमृतवाणी**

जब आप अपने काम को समर्पित हो जाते हैं, तो आपको आपकी मंजिल जरूर मिलती है।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बहुत खुशी की बात है सपा में बड़ी संख्या में लोग सदस्यता ले रहे हैं : अखिलेश यादव



बहुत से लोग सपा छोड़ भी रहे हैं........

# न टक्कर, न झपकी, ओवरलोड ट्रक ने दो महिलाओं की जान लपकी

## चाय पीने के लिए सड़क किनारे खोखे के निकट पिकअप पर पलटा ट्रक





**खतौली, 7 अप्रैल (बु.)।** कभी-कभी व्यक्ति बिना अकारण ही काल का ग्रास बन जाता है। या ये कहा जाये कि मौत जब जैसे आनी हो वह पहले से ही नियति द्वारा नियत है। खतौली के सफेदा कट पर ओवरलोड गन्ने के ट्रक से हुई दो महिलाओं की मौत वास्तव में ऐसा ही एक उदाहरण है। सिर्फ चाय पीने के लिए सड़क किनारे चाय की दुकान पर चाय पीने के लिए रुके पिकअप में बैठे लोगों पर एकाएक ट्रक पलट जाने और दो महिलाओं की जीवन लीला समाप्त हो जाना अपने आप में बिना वजह काल का ग्रास बन जाने का उदाहरण है। उक्त पिकअप की न किसी से कोई टक्कर हुई और न ही ड्राईवर को झपकी लगी।

गन्ने से लबालब भरे ओवर लोड ट्रक के अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर सवारियों से भरी पिकअप गाड़ी पर पलट जाने से हुए हादसे में दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी वहीं लगभग दस स्त्री पुरुष व बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा क्रेन के माध्यम से किसी प्रकार ट्रक को हटाकर घायलों को एम्बूलेंस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवाया गया। घंटों प्रयास के बाद पुलिस द्वारा किसी प्रकार यातायात सुचारू कराया गया।

मिली जानकारी के अनुसार नोएडा निवासी चिड़िया वाल्मीकि अपने चार वर्षीय पोते गोले, पुत्र दीपक का मुंडन कराने नोएडा से परिजनों व रिश्तेदारों के साथ पिकअप गाड़ी द्वारा थाना रतनपुरी क्षेत्र में अपने मूल निवास गांव कितास में रह रही अपनी मां के यहां जा रहे थे। बताया जाता है कि नोएडा से चलकर जब सायंकाल उनकी पिकअप गाड़ी खतौली नगर के जीटी रोड स्थित नवीन मण्डी स्थल के निकट पहुंची तो गाड़ी के चालक द्वारा चाय पीने के लिए सड़क किनारे स्थित चाय विक्रेता के एक खोखे पर गाड़ी को रोक दिया तथा चालक राजकुमार व चिड़िया वाल्मीकि चाय पीने के लिए गाड़ी से उतर गए। बताया जाता है कि इसी दौरान क्षेत्र के किसी गन्ना सैंटर से ओवरलोड गन्नों से भरा ट्रक जीटी रोड से जैसे ही शुगर मिल खतौली जाने के लिए सफेदा बाईपास रोड की ओर मुड़ा, तो इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी सवारियों से भरी पिकअप गाड़ी पर पलट गया। हादसा इतना दर्दनाक था कि ट्रक पलटने की आवाज सुनते ही आसपास के लोगों में हड़कम्प मच गया। ट्रक के पिकअप पर पलटने से गाड़ी में सवार पुरुष महिलाओं व बच्चों की चीख पुकार सुनाई देने लगी, जिसको सुनकर आसपास के दुकानदारों व राहगीरों की मौके पर ही भीड़ जुट गयी। इस दौरान कुछ साहसी लोगों व युवा वर्ग द्वारा गन्ने के ट्रक के नीचे गाड़ी में सवार लोगों को निकालने का प्रयास किया गया, परन्तु कोई सफलता न मिलने पर तत्काल दुर्घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। हादसे की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी बृजेश शर्मा पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचे और कोतवाली पुलिस द्वारा तत्काल क्रेन मंगाकर ट्रक को हटवाकर दुर्घटना में घायल चिड़िया पुत्र कालू, चालक राजकुमार पुत्र धर्मेन्द्र, अजय व दीपक पुत्र चिड़िया, मोनू 30 वर्ष पुत्र बीर सिंह, गोलू 4 वर्ष पुत्र दीपक, लक्की 9 वर्ष पुत्र मनोज, दुर्गा 12 वर्ष, सनाया 6 वर्ष, पूजा 14 वर्ष पुत्री दीपक, कृष्ण पुत्र दीपक, सुखपाल 70 वर्ष पत्नी बीर सिंह, लक्ष्मी 30 वर्ष पुत्री बीर सिंह को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खतौली भिजवाया, जहां चिकित्सकों द्वारा घायल कमला व कविता को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के उपरान्त गंभीर घायल मोनू, घोलू, लक्की, अजय को जिला अस्पताल रैफर कर दिया। दुर्घटना के बाद जीटी रोड पर यातायात व्यवस्था अवरुद्ध होने से सड़क पर दोनों ओर लम्बा जाम लग गया, जिस पर पुलिस द्वारा वाहनों को अन्य मार्गों से डायवर्ट करके घंटों बाद यातायात व्यवस्था सुचारू कराई गयी। दुर्घटना का मुख्य कारण नागरिकों व सामाजिक संस्थाओं द्वारा ओवरलोड गन्ने के वाहनों पर प्रतिबंध की मांग के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न किया जाना माना जा रहा है। पालिका चेयरमैन हाजी शाहनवाज द्वारा भी जहां इस सम्बंध में शिकायत की है वहीं इसके बाद भी पता नहीं किन कारणों से प्रशासन इन ओवरलोड गन्ने के वाहनों पर अंकुश लगाने में बौना साबित हो रहा है।

## निकाह के चार साल बाद शौहर का दूसरा निकाह रोकने की गुहार लेकर पहुंची महिला

**मुजफ्फरनगर, 7 अप्रैल (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के किशनपुरा गांव की एक महिला समरजहां पुत्री सालिम सोमवार को एसएसपी कार्यालय में अपने शौहर का दूसरा निकाह रोकने की गुहार लगाने के लिए पहुंची। समरजहां ने मीडिया से बातचीत करते हुए जानकारी दी कि उसका निकाह 7 जून 2020 को मुनीर आलम पुत्र फारुख निवासी ककरौली के साथ हुआ था, जिससे उसको एक बेटी भी हुई जो अब चार वर्ष की है। पीड़िता का आरोप था कि शादी के बाद से उसका पता और उसके ससुराल पक्ष के लोग उसे कम दहेज लाने का ताना मारते थे और मानसिक व शारीरिक रूप से उसे प्रताड़ित करते थे। इन सब बातों से तंग आकर पीड़िता ने भोपा थाने में विभिन्न धाराओं में अपने पति व ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था जो न्यायालय में विचाराधीन है। समरजहां का कहना है कि वह पिछले चार साल से अपने मायके में ही रह रही है और अपनी मासूम बेटी को खुद पाल रही है। समरजहां ने कहा कि उसका पति मुनीर आलम 9 अप्रैल 2025 को बिना किसी कानूनी तलाक किये गांव की ही एक अन्य महिला से दूसरा निकाह कर रहा है, जोकि गैर कानूनी है। महिला ने इस मामले में एसएसपी का दरवाजा खटखटाते हुए उनसे गुहार लगाई कि उक्त निकाह तुरन्त रुकवाया जाये और उसकी चार वर्षीय मासूम बच्ची व उसको न्याय दिलाया जाये।



## 300 लोगों के मुचलका पाबंद करने पर जमीयते उलेमा ए हिन्द, के जिलाध्यक्ष बोले-जुल्म बस इतना है कि हम मुसलमान हैं

**मुजफ्फरनगर, 7 अप्रैल (बु.)।** वक्फ संशोधन बिन आने से पहले ईद की अलविदा जुमे की नमाज में काली पट्टी बांधने वालों को मुचलका पाबंद करने के बाद मुस्लिम समाज का दर्द अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। मुस्लिम समाज अब खुलकर अपने बयान देता दिख रहा है। इसी क्रम में जमीयते उलेमा ए हिन्द, मुजफ्फरनगर के जिलाध्यक्ष मुकर्रम कासमी ने मीडिया के सामने कहा कि 300 मुसलमानों को इस बात के लिए मुचलका पाबंद किया गया, कि सिर्फ उन्होंने विरोध जताने के उद्देश्य से हाथों पर काली पट्टी बांधी थी। उन्होंने कहा कि काली पट्टी बांधना गुनाह है या नहीं मगर हमारा मुसलमान होना ही अब गुनाह हो गया है। हम मुसलमान हैं, इसलिए हम पर जुल्म किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम लोग ही अपने संगठन के दम पर सौहार्द्र का माहौल बनाते हुए जनपद को दंगे जैसे दंश से निजात दिलाने का काम करते हैं और हमी को नोटिस थमाना हमारी समझ से बाहर है। मुसलमानों के मुद्दे तो इस देश में पहले भी उठे हैं और आगे भी उठेंगे।



प्रशासन को नोटिस के नाम पर हम भोले-भाले लोगों को डराने का काम नहीं करना चाहिए। उन्होंने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने कहा था कि हम कोई धरना प्रदर्शन नहीं कर रहे, जब मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की तरफ से कोई संदेश आएगा, तभी हमें कोई प्रतिक्रिया देनी है। उन्होंने जिला प्रशासन से अपील की कि जिन तीन सौ लोगों को नोटिस भेजा गया है, उनके विरुद्ध कोई भी कार्यवाही जिला प्रशासन को नहीं करनी चाहिए। उन्होंने नोटिस पाने वाले मुस्लिमों से भी अनुरोध किया वे किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन इस मामले में न करें। संविधान में हमें अधिकार दिया गया है, हम कानून का दरवाजा खटखटाएंगे और वहीं से न्याय लेंगे। यदि किसी ने धरना-प्रदर्शन किया तो और नोटिस में वे उलझते चले जाएंगे। उन्होंनें कल रामनवमी के त्यौहार पर मजार के ऊपर हिन्दू संगठन के लोगों द्वारा भगवा झंडा लहराने की बात याद दिलाते हुए कहा कि उन पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है, बस मुसलमानों पर जुल्म ढहाये जा रहे हैं।

## बिजनौर में हिंदू संगठन नेता की हत्याःघर पर खून से लथपथ मिला शव, पिता और सौतेली मां बेहोश मिले

**बिजनौर, 07 अप्रैल (एजेंसी)।** बिजनौर में गौसेवा बजरंग दल के जिला संयोजक की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उनका शव घर में ही चारपाई पर पड़ा मिला। उनके पिता और सौतेली मां बेहोशी की हालत में मिले। पुलिस ने हत्या के शक में सौतेले भाई को हिरासत में लिया है। घटना किरतपुर के गांव गोबिंदपुर की है। बगल के कमरे में पांच फीट का गड्ढा खोदा गया था। दूध देने वाला सोमवार सुबह घर पहुंचा। उसने आवाज लगाई। मगर कोई बाहर नहीं निकला। इसके बाद पड़ोसी को बुलाकर अंदर गया तो घटना की जानकारी हुई। पुलिस की जांच में प्रॉपर्टी का विवाद सामने आया है। मृतक के मामा ने पांच लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। किरतपुर के गांव गोबिंदपुर निवासी मोंटी बजरंगी (25) बजरंग दल के गौसेवा प्रकोष्ठ का जिला संयोजक था। आज सुबह उनका शव खून से लथपथ हालत में घर पर पड़ा मिला। गले पर धारदार हथियार से वार के निशान दिखे। मोंटी के पिता बलराम सिंह उर्फ बल्ले पहलवान और सौतेली मां मधुबाला बेहोशी की हालत में मिले। जबकि सौतेला भाई मोंटू बिल्कुल सही सलामत मिला। पुलिस ने मोंटी के माता-पिता को इलाज के लिए बिजनौर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। घटना की जानकारी खुर्शीद से पता लगी, जो दूध देने आया था। आवाज देने पर कोई जवाब न मिलने पर उसने पड़ोसियों को सूचित किया। इसके बाद जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची। खजाना होने के शक में खोदा गड्ढा मोंटी के शव के पास वाले कमरे में ही पांच फीट गहरा गड्ढा खोदा था। परिजनों के मुताबिक, तांत्रिक ने उन्हें घर में खजाना होने की बात बताई थी। इसलिए वह काफी दिन से उस गड्ढे को खोद रहे थे, लेकिन संभावना यह भी जताई जा रही है कि मोंटी की हत्या करने के बाद शव को वहां दबाने का प्लान था। पुलिस इन सभी एंगल पर जांच कर रही है। हिंदू संगठनों का जमकर हंगामा हिंदू संगठन के नेता की हत्या का पता चलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। एएसपी सिटी संजीव बाजपेयी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को देखा। मोंटी के भाई मोंटू पर ही हत्या का शक है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हिंदू संगठन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। मां और भाई पर आरोप परिजन नरेंद्र ने बताया कि जमीन को लेकर झगड़ा था। बलराम सिंह की यह दूसरी शादी थी और मोंटी उनकी पहली पत्नी का बेटा था। बलराम सिंह संपत्ति का हिस्सा मोंटी को नहीं देना चाहते थे।




## घर के बाहर खेल रहे बच्चों के अपहरण का प्रयास

**खतौली, 7 अप्रैल (बु.)।** बीती रात मकान के बाहर खेल रहे बच्चों को बहला-फुसलाकर अपहरण किये जाने की आशंका में एक युवक को दबोचकर कॉलोनी के लोगों ने धुनाई कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात नगर की कॉलोनी सद्दीकनगर में एक अज्ञात युवक ने रुपये व खाद्य सामग्री का लालच देकर सात वर्षीय फैजान व दो वर्षीय अलिना को अगवा करने का प्रयास किया, किन्तु बताया जाता है कि इस दौरान दोनों बच्चों ने रोते हुए शोर मचा दिया। शोर शराबा सुनकर बच्चों की मां घर के बाहर आ गयी तथा बच्चों को अपने साथ ले जा रहे युवक के पीछे शोर मचाते हुए दौड़ पड़ी। बताया जाता है कि कॉलोनी में शोरगुल सुनकर कॉलोनी के लोग इकट्ठा हो गये तथा कुछ दूरी पर संदिग्ध युवक को दबोच लिया। लोगों द्वारा युवक की जमकर धुनाई की गयी। मौहल्ले के लोगों की सूचना पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। नागरिकों की शिकायत पर पुलिस युवक को कोतवाली ले गयी। बताया जाता है कि कॉलोनी में घटित उक्त वारदात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर जनपद मेरठ के गांव नवाबगढ़ी निवासी एक परिवार के लोग भी कुछ समय बाद खतौली कोतवाली पहुंच गया, जहां उक्त परिवार के लोगों ने पुलिस को उक्त युवक को आरोपित करते हुए बताया कि उनके ग्यारह वर्षीय पुत्र रिहान का गत् 4 अप्रैल को इसी युवक ने लापता किया किया था। लापता पुत्र के पिता इमरान ने बताया कि उक्त युवक उनके घर पर भीख मांगने आया था तथा इस दौरान उसने उनके पुत्र रिहान को अचानक गुम कर दिया, जिसकी रिपोर्ट थाना सरधना थाने में दर्ज कराई गयी है। लापता पुत्र के पिता ने बताया कि खतौली कॉलोनी में दो बच्चों को लापता करने के प्रयास की घटना के सम्बंध में वायरल वीडियो देखकर उसके द्वारा उनके घर आए युवक की पहचान की गयी है। कोतवाली पुलिस द्वारा आगामी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है।





## दुबई के शहजादे कल भारत यात्रा पर आयेंगे

**नयी दिल्ली 07 अप्रैल (वार्ता)** दुबई के शहजादे और रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम कल से भारत की दो दिन की यात्रा पर आएंगे। दुबई के शहजादे के रूप में शेख हमदान की यह पहली आधिकारिक भारत यात्रा होगी। उनके साथ कई मंत्री, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और एक उच्च स्तरीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही है। एक बयान में कहा गया है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शहजादे के सम्मान में भोज का आयोजन करेंगे। शहजादे मकतूम विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भी बैठक करेंगे। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कोलंबो यात्रा और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ उनकी वार्ता के दो दिन बाद हो रही है। इस यात्रा के दौरान दोनों पक्षों ने त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र में बदलने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। शहजादे और अन्य गणमान्य व्यक्ति बाद में मुंबई जाएंगे। मुंबई में वह दोनों देशों के प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लेंगे। इस बातचीत का उद्देश्य पारंपरिक और भविष्य के क्षेत्रों में भारत-यूएई आर्थिक और वाणिज्यिक सहयोग को मजबूत करना है। दुबई ने परंपरागत रूप से यूएई के साथ भारत के वाणिज्यिक, सांस्कृतिक और लोगों के बीच आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



## मोदी कुर्ता पहनकर और तिलक लगाकर मल्हूपुरा में न आने की हिदायत दी

**मुजफ्फरनगर, 7 अप्रैल (बु.)। लगता है जब तक शहर में कोई बड़ा दंगा नहीं होगा तब तक दोनों पक्षों के लोग चैन से नहीं बैठेंगे। आए दिन एक दूसरे पर किसी न किसी तरह से कटाक्ष कर रहे हैं। नेताओं की बयानबाजी की बात तो छोड़ो, आम आदमी भी नेताओं के चक्कर में आकर एक दूसरे से लड़ने मरने तक को तैयार है। ऐसा ही एक मामला सिविल लाइन क्षेत्र के मल्हूपुरा से सामने आया है, जहां मूल रूप से आगरा जनपद निवासी शिवकुमार रामलीला टिल्ला में रहकर पेठा बेचने का काम करता है। रविवार की देर शाम शिवकुमार जब मल्हूपुरा में पेठा बेचने के लिए गया था, जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने शिवकुमार को मोदी कट कुर्ता पाजामा पहने देखा व तिलक लगाए देखा कि उसे यह हिदायत दी कि जब भी यहां पेठा बेचने आना हो तो यह मोदी कट कुर्ता व तिलक नहीं चलेगा। इतना ही नहीं गाली गलौच करते हुए उसके माथे से तिलक हटवाया गया और भविष्य में मौहल्ले में न आने की धमकी दी गयी। पीड़ित ने इसकी शिकायत करते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।**

### मुनीम के बैग से ढाई लाख रुपये किये साफ

**मुजफ्फरनगर, 7 अप्रैल (बु.)।** सोमवार की शाम वहलना के रहने वाले मुनीम नीरज के बैग से एकाएक ढाई लाख रुपये गायब हो गए। नीरज वहलना चौक पर स्थित स्क्रैप कारोबारी का मुनीम है। नीरज का कहना है कि वह सहारनपुर से ढाई लाख रुपये लेकर चला था, जहां मुजफ्फरनगर पहुंचने के बाद थाना सिविल लाइन क्षेत्र के एसडी तिराहे पर पैसों का बैग लेकर उतर गया तथा यहीं से वहलना चौक के लिए दूसरी रोडवेज बस में सवार हो गया। जब वह वहलना चौक उतरा तो उसके बैग से ढाई लाख रुपये की नकदी गायब हो गयी, जिसकी सूचना उसने स्क्रैप कारोबारी व पुलिस दोनों को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और मुनीम नीरज के बताए स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिये। इस बात का पता ठीक तरह से कल तक लग पाएगा कि मुनीम के बैग से रुपये रोडवेज बस में बैठे किसी व्यक्ति ने निकाले हैं या फिर उसके साथ कहीं और कोई घटना हुई है।

## महंगाई का एक और तोहफा, सिलेण्डर 50 रुपये महंगा

**नयी दिल्ली, 07 अप्रैल (वार्ता)** सरकारी क्षेत्र की तेल वितरण कंपनियों ने रसोई गैस (एलपीजी) के मूल्य में प्रति सिलेंडर 50 रुपये की बढ़ोतरी की है। यह घोषणा केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में की। श्री पुरी ने कहा कि उज्ज्वला और सामान्य श्रेणी के दोनों ग्राहकों के लिए गैस की कीमत में भी वृद्धि की गयी है। कंपनियों के निर्णय के अनुसार सामान्य उपयोगकर्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर का भाव 803 रुपये से बढ़कर 853 रुपये हो जाएगा । उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी उपभोक्ताओं के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर की कीमत 503 रुपये से बढ़कर 553 रुपये हो जाएगी। श्री पुरी ने कहा कि इन कीमतों की हर 15 दिन पर समीक्षा की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री ने कहा कि अंतराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमतों में कमी की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने इससे देश में एलपीजी सिलेंडर के भाव भी कम होने की उम्मीद की जा सकती है।



प्रथम पुण्यतिथि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



स्व. श्री मनोहर लाल कालरा जी

निर्वाण तिथि- 8 अप्रैल 2024

आपसे प्राप्त संस्कारों से शक्ति ग्रहण करते हुए, आपकी मधुर स्मृतियों को हृदय में संजोये, हम आपके बताये मार्ग पर निरन्तर आगे बढ़ रहे हैं। आप स्थूल रूप से भले ही हमारे साथ नहीं हैं, किन्तु प्रेरणा स्त्रोत के रूप में आप सदैव से ही हमारे हृदय में विराजमान रहेंगे। आपकी पुण्य तिथि के अवसर पर आपको

श्रद्धापूर्वक नमन

श्रीमती उमा कालरा (धर्मपत्नी), विशाल कालरा (पुत्र), श्याम सुन्दर कालरा - रजनी कालरा (भाई- भाभी), शकुंतला हरीरामानी (बहन), सुनैना- वासुदेव बत्रा (बहन- बहनोई), बिंदु- प्रताप कालरा (बहन- बहनोई) रेशु- अजीत वाधवानी (पुत्री-दामाद), अंकुर- तान्या कालरा (भतीजा- भतीज बहू ), दिशा, आकांक्षा, अभिषेक, रिहान, रूबानी, समस्त कालरा एवं वाधवानी परिवार

प्रतिष्ठान:- मै. रामचन्द कालरा एण्ड सन्स
● 48 बी, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर ● 57 बी, नवीन मण्डी स्थल, मुजफ्फरनगर
M:.8265940175,9927044700

मै. कालरा क्राफ्ट्स
ग्रेटर कैलाश 2, नई दिल्ली
M:.9818060020

